आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें:
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-156- ● कटनी ● गुरुवार, 8 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -14 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## बेखौफ ट्विटर का नया बहाना

**नई दिल्ली।** माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर भारत सरकार की चेतावनियों का कोई असर नहीं है। शिकायत अधिकारी की नियुक्ति को लेकर ट्विटर, सरकार को तारीख-पर-तारीख दे रहा है लेकिन नियुक्ति नहीं कर रहा है। नए आईटी कानून लागू होने के बाद अमेरिकी माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने नियम के मुताबिक शिकायत अधिकारी की नियुक्ति की थी लेकिन पिछले महीने ही 27 जून को अंतरिम शिकायत अधिकारी धर्मेंद्र चतुर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अब ट्विटर ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि उसे नए शिकायत अधिकारी को नियुक्त करने के लिए दो महीने का वक्त चाहिए।

# 7 से 2022 के चुनावी चक्रव्यूह का सातवां द्वार तोड़ने की तैयारी



**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले मंत्रिमंडल विस्तार में चुनावी जरूरतों के हिसाब से सामाजिक व क्षेत्रीय गणित साधने की कोशिश की है। यूपी के सात नए चेहरों में एक अगड़े के साथ चार पिछड़े और पहली बार अनुसूचित जाति के दो नए चेहरों को जगह देकर पहले से मौजूद चेहरों के साथ सामाजिक व क्षेत्रीय संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। इससे पीएम मोदी और भाजपा हाईकमान की 2022 के विधानसभा चुनाव में यूपी फतह की फिक्र साफ झलक रही है। सात नए चेहरों से एक तरह से 2022 के चुनावी चक्रव्यूह के सातवें यानी अंतिम द्वार को तोड़ने की कोशिश का संदेश दिया है। विस्तार में न सिर्फ जातीय व क्षेत्रीय संतुलन साधने बल्कि सोशल इंजीनियरिंग की पहचान रहे पुराने चेहरों का विकल्प भी तलाशने की कोशिश भी की गई है। अनुप्रिया पटेल को कैबिनेट में शामिल करके जहां गठबंधन को मजबूती से चलाने का संदेश दिया गया है तो संतोष गंगवार को हटाने की एवज में दो कुर्मी चेहरों को शामिल करके भाजपा के परंपरागत कुर्मी वोटों को साधे रखने का प्रयास किया गया है। विस्तार के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में पीएम मोदी सहित यूपी से अब सर्वाधिक 15 मंत्री हो गए हैं। पीएम मोदी ने कौशल किशोर और अजय मिश्र जैसे चेहरों को जगह देकर यह संदेश दिया है कि केंद्रीय नेतृत्व की नजर एक-एक जनप्रतिनिधि पर है। मोहनलालगंज से सांसद कौशल किशोर ने जिस तरह कोरोना महामारी और पंचायच चुनाव के दौरान सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए थे, उसे देखते हुए उनको मंत्रिमंडल में शामिल करके पीएम ने संभवतः यह साफ करने की कोशिश की है कि भाजपा पूरी तरह लोकतांत्रिक परंपराओं पर भरोसा करती है और अभिव्यक्ति की आजादी की भी पक्षधर है। साथ ही कौशल को सरकार का हिस्सा बनाकर उन्हें भी व्यवस्थाओं को सुधार कर खुद को साबित करने का मौका दिया है। जिन चेहरों को जगह मिली है उन्हें एक तरह से यह संदेश भी दे दिया गया है कि उन्हें अपनी भूमिका पर खरा उतरना होगा। अपने-अपने वर्गों के बीच पकड़ व पहुंच को साबित कर खुद की प्रासंगिकता को भी प्रमाणित करना होगा। जिस तरह प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल से कई वरिष्ठ मंत्रियों, खासतौर से बरेली सीट से कई बार के सांसद संतोष गंगवार की छुट्टी की है, उससे यह बता दिया है कि खुद को साबित करने के अलावा इन सबके सामने कोई विकल्प नहीं है।

## नए मंत्रियों के साथ शुरू किया काम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी नई टीम के साथ गुरुवार को काम शुरू कर दिया। इससे पहले बुधवार को नए मंत्रियों ने शपथ ली थी। यह महज कैबिनेट विस्तार नहीं रहाए, बल्कि पूरी की पूरी टीम ही बदल दी गई। पुराने 12 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया, तो 43 नए ने शपथ ली। आज से नए मंत्रियों ने पदभार ग्रहण कर लिया। सबसे पहले अनुराग ठाकुर अपने नए दफ्तर पहुंचे और सूचना तथा प्रसारण मंत्री का पदभार ग्रहण किया।इसी तरह अश्विनी वैष्णव ने भी रेल मंत्री की कुर्सी संभाल ली। नागरिक उड्डयन मंत्रालय का चार्ज लेने से पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा मुख्यालय गए। वहीं पदभार ग्रहण करने वालों में किरेन रिजीजू, भूपेंद्र यादव, जी कृष्ण रेड्डी, राजीव चंद्रशेखर, मनसुख मांडविया, भारती प्रवीण पवार भी शामिल रहे। शाम को नई कैबिनेट की बैठक होगी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।




## क्विक अपडेट




### हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का निधन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे वीरभद्र सिंह का आज तड़के निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार वीरभद्र का निधन सुबह 3.40 बजे हुआ। दोबारा कोरोना पॉजिटिव आने के बाद से वह शिमला के आईजीएमसी में उपचाराधीन थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। वह करीब ढाई महीने से आईजीएमसी में दाखिल थे।

### पहले टेस्ट मैच में रोहित के साथ शुभमन करेंगे ओपनिंग!

**नई दिल्ली।** विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां भारतीय टीम की मुश्किलें ओपनर शुभमन गिल ने बढ़ा दी हैं। शुभमन गिल गंभीर चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं और ऐसे में टीम मैनेजमेंट को उनके विकल्प की ओर देखना पड़ रहा है। इसी कड़ी में ये सामने आ गया है कि रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा? टेस्ट फाइनल में खराब प्रदर्शन के बावजूद शुभमन गिल को कम से कम पहले दो टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा के जोड़ीदार के रूप में देखा जा रहा था, अब मयंक अग्रवाल फिर से ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाले नजर आ सकते हैं।

### कारगिल एयरबेस से लेकर तमाम नक्शे पहुंचे पाकिस्तान?

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के दो जवानों ने महज 92 हजार रुपये के लिए पूरे देश की सुरक्षा को दांव पर लगा दिया और 900 के करीब संवेदनशील दस्तावेज पाक पहुंचा दिए। इसमें से 800 दस्तावेज ऐसे हैं, जिनको लेकर भारतीय सुरक्षा व सेना मंत्रालय की नींद उड़ गई है। लिहाजा, कारगिल इलाके में सेना ने अपनी तमाम गतिविधियों के रूट बदल दिए हैं और पूरे स्टाफ को तबदील कर दिया है। हाल ही में जालंधर देहात पुलिस ने दो भारतीय सेना के जवानों को गिरफ्तार किया है।

# खतरा: देशभर के 174 जिलों में मिले कोरोना के नए घातक स्वरूप

## कोरोना के 'अल्फा', 'बीटा', 'गामा' और 'डेल्टा' स्वरूप की मौजूदगी का पता चला

**नई दिल्ली।** पकोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच राजधानी दिल्ली समेत, पंजाब, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, केरल और गुजरात में कोरोना के गंभीर स्वरूपों का पता चला है जो कोरोना के संक्रमण की रफ्तार को बढ़ा सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस बीच लोगों खास सतर्कता बरतने की सलाह दी है। दरअसल, देशभर के 174 जिलों में कोरोना के 'अल्फा', 'बीटा', 'गामा' और 'डेल्टा' स्वरूप की मौजूदगी का पता चला है। कोरोना के इन नए स्वरूपों की वजह से एक बार फिर कोरोना के तेजी से संक्रमण का खतरा पैदा हो गया है। यही नहीं, ये नए स्वरूप टीके की खुराक ले चुके लोगों को भी अपनी चपेट में ले रहे हैं।

बता दें, अभी तक कोरोना वायरस के 120 से भी अधिक म्यूटेशन की पहचान भारत में हुई है, लेकिन इनमें से अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा स्वरूप ने सबसे अधिक असर दिखाया है। इसके बाद 'डेल्टा प्लस' स्वरूप भी तेजी से बढ़ रहा है।



### जहां संक्रमण अधिक, वहां लग सकता है लॉकडाउन

पूर्वोत्तर राज्यों में बढ़ते कोरोना के ग्राफ के मद्देनजर एक बार फिर लॉकडाउन लगाने पर विचार किया जा सकता है। अब तक 73 से अधिक जिलों में संक्रमण दर 10 फीसदी से अधिक हो चुकी है जिनमें से 48 जिले पूर्वोत्तर राज्यों से हैं। बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में फैसला लिया गया है कि जहां संक्रमण अधिक होगा, वहां लॉकडाउन लगाया जा सकता है।

दुनिया भर में पिछले सप्ताह कोरोना के मामले बढ़े हैं, लेकिन एक सप्ताह में मौतों की संख्या घटकर अक्तूबर के बाद से सबसे निचले स्तर पर है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने बुधवार को साप्ताहिक महामारी विज्ञान रिपोर्ट में कहा कि यूरोपीय क्षेत्र के 53 देशों में संक्रमण के मामलों में 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि 28 जून से 4 जुलाई के बीच कोरोना के 26 लाख से अधिक नए मामले सामने आए, जो पिछले सप्ताह की तुलना में मामूली वृद्धि थी, जबकि सप्ताह में दर्ज की गई मौतों की संख्या सात प्रतिशत घटकर 54 हजार रह गई। यह अक्तूबर के बाद सबसे कम आंकड़ा है।

### यूपी में कप्पा वैरिएंट, मचा हड़कंप

यूपी में कप्पा वैरिएंट पहली बार मिला है। इस वैरिएंट को वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट घोषित किया जा चुका है। वहीं, कोरोना वायरस के नए स्वरूप, डेल्टा, डेल्टा प्लस और कप्पा वैरिएंट की पुष्टि के बाद शासन ने पूरे मामले की जानकारी बीआरडी मेडिकल कॉलेज प्रशासन से मांगी है। संक्रमितों का नाम पता सहित पूरा ब्योरा तलब किया गया है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमरेश सिंह ने बताया कि कोरोना का कप्पा वैरिएंट यूपी में पहली बार मिला है। इसके बी.1.617 वंश के म्यूटेशन से ही पैदा हुआ है, जो डेल्टा वैरिएंट के लिए भी जिम्मेदार है। बी.1.617 के एक दर्जन से ज्यादा म्यूटेशन हो चुके हैं। इनमें से दो खास हैं। कप्पा को वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट घोषित किया है।



## बाबुल का छलका दर्द

**कोलकाता।** मोदी कैबिनेट का बुधवार को विस्तार हो गया। 15 नेताओं ने कैबिनेट मंत्री और 28 राज्य मंत्री पद की शपथ ली है। इधर मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने और मंत्रिपद से इस्तीफा देने को लेकर कई सांसद दुखी हैं। भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो ने कैबिनेट विस्तार से पहले फेसबुक पोस्ट में कहा कि वे इस बात से बेहद खुश हैं कि कार्यकाल में उन पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। इसके साथ ही उन्होंनें कहा मैं निश्चित रूप से अपने लिए दुखी हूं

# डीजल-पेट्रोल के बाद अब सीएनजी-पीएनजी भी महंगी



**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने पहले ही आसमान छू लिया है। कोरोना काल में तेल की कीमतों ने लोगों को हलकान किया हुआ है। अब राजधानी में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस और पाइप्ड नेचुरल गैस के दामों में भी आग लग गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी और पीएनजी की कीमत में इजाफा कर दिया है। राजधानी में आज से सीएनजी 43.40 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 44.30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। नोएडा और गाजियाबाद में प्रति किलो सीएनजी की कीमत 49.08 रुपये से बढ़ाकर 49.98 रुपये कर दी गई है। इसी तरह कंपनी ने भी आज से पीएनजी के दाम भी बढ़ा दिए हैं। कंपनी ने अपनी वेबसाइट में इसकी जानकारी दी कि दिल्ली में, घरेलू उपयोग के लिए पीएनजी की कीमत अब 29.66 रुपये प्रति एससीएम होगी, जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में इसकी कीमत 29.61 रुपये प्रति एससीएम होगी।

# सब इंजीनियर ने जनपद कार्यालय में की आत्महत्या



**धार।** धार जिले के गंधवानी जनपद पंचायत में पदस्थ सब इंजीनियर का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंधवानी जनपद पंचायत में पदस्थ सब इंजीनियर प्रवीण पवार का शव खेमा कॉलोनी स्थित ऑफिस में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। फांसी लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। प्रवीण पवार बड़वानी जिले के रहने वाले हैं और गंधवानी की जनपद पंचायत में सब इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। प्रवीण पवार ने यह कदम क्यों उठाया यह जांच के बाद ही सामने आ पाएगा। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल गंधवानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और धार से एफएसएल टीम भी रवाना हुई। साथ ही स्वजनों को भी सूचना दी गई है। प्राथमिक रूप से पुलिस इसे आत्महत्या मामला बता रही है।

## पशुपति पारस को अपने कोटे से बनाना पड़ा मंत्री

# 'चिराग' बुझाने के चक्कर में खाली हाथ रह गए नीतीश



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार में जदयू को बहुत कुछ मिलना था, लेकिन चिराग पासवान को सबक सिखाने के चक्कर में नीतीश को लगभग खाली हाथ रहना पड़ा। दरअसल, भाजपा पशुपति पारस को कैबिनेट मंत्री नहीं बनाना चाहती थी, जबकि नीतीश उन्हें हर हाल में कैबिनेट मंत्री बनाने पर अड़ गए। नतीजे में नीतीश को पारस को अपनी पार्टी के कोटे से मंत्री बनाना पड़ा।दरअसल भाजपा ने जदयू को दो कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के पद का प्रस्ताव दिया था। भाजपा लोजपा को सरकार में शामिल करने के मामले में ऊहापोह में थी। जबकि नीतीश चाहते थे कि पशुपति पारस को मंत्री बना कर चिराग को अंतिम सियासी झटका दे दिया जाए। जब भाजपा इसके लिए तैयार नहीं हुई तो नीतीश ने अपनी पार्टी के कोटे से पारस को मंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा। लंबी बातचीत के बाद भाजपा इसके लिए तैयार हो गई। विधानसभा चुनाव में चिराग की ओर से मिले झटके से नीतीश बेहद नाराज थे। लोजपा में बगावत की पटकथा उनके इशारे पर ही लिखी गई। उनके आश्वासन पर ही पशुपति ने चिराग के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उन्हें लोकसभा में संसदीय दल का नेता और पार्टी के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटा दिया।छह में से पांच सांसद चिराग के खिलाफ हो गए। नीतीश चाहते थे कि दिवंगत रामविलास पासवान की जगह मंत्री बन कर पशुपति चिराग की अंतिम उम्मीद भी खत्म कर दें।

## सिंधिया का फेसबुक अकाउंट हैक, पुराने पोस्ट अपलोड किए

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के फेसबुक अकाउंट हैक होने की खबर आज सुबह तेजी से वायरल हुई है। जिसमें कुछ पुराने पोस्ट के साथ वीडियो भी अपलोड किए गए हैं। हालांकि दावा किया गया है कि सुबह तक हैकिंग को रोक दिया गया और डेटा रिकवर कर लिया गया है। राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली थी। अचानक उनके फेसबुक अकाउंट से कई सारे पोस्ट हुए। जिसमें उनके कांग्रेस में रहते हुए दिए गए बयान और वीडियो शामिल थे। इन फोटो एवं वीडियो के पोस्ट होते ही हडकंप मच गया।

## जम्मू कश्मीर में जारी है आतंक का अंत कुलगाम में मुठभेड़

# आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़, 24 घंटे में पांच दहशतगर्द ढेर




**कश्मीर।** कुलगाम में दो आतंकियों को ढेर करने के साथ ही पिछले 24 घंटे में कुल मिलाकर पांच दहशतगर्दों का खात्मा किया जा चुका है। समाचार एजेंसी के अनुसार कश्मीर के आईजीपी विजय कुमार ने बताया कि बीते 24 घंटे में कश्मीर में 5 आतंकियों को मार गिराया गया है। इसके लिए उन्होने पुलिस और सुरक्षा बलों को बधाई दी है। जानकारी के अनुसार दक्षिणी कश्मीर में बुधवार की देर रात मुठभेड़ शुरू हुई। दो आतंकियों के घिरे होने की सूचना मिली थी। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया था। सूत्रों ने बताया कि पुलवामा में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक मकान में छिपे आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। एसओपी के अनुसार पहले उन्हें आत्मसमर्पण करने का मौका दिया गया। कई अवसर दिए गए। इसके बाद भी आतंकियों ने समर्पण करने के बजाय फायरिंग जारी रखी। जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से देर रात तक फायरिंग जारी रही।

# नर्सिंग कर्मचारियों की हड़ताल खत्म



**भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट के निर्देश के परिपालन में नर्सिंग कर्मचारियों की 30 जून से चल रही हड़ताल खत्म हो गई है। प्रांतीय नर्सेस एसोसिएशन और स्टेट नर्सेस एसोसिएशन के बैनर तले उच्च स्तरीय वेतनमान, पदनाम बदलने समेत अन्य मांगों को लेकर स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबद्ध नर्सिंग कर्मचारी आंदोलन कर रहे थे। प्रांतीय नर्सेस एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मंजू मेश्राम ने बताया कि बुधवार शाम को हमने अपना आंदोलन खत्म कर दिया गया है। रात आठ बजे की शिफ्ट से सभी नर्सिंग कर्मचारी काम पर लौट गए हैं। इसके पूर्व मप्र उच्च न्यायालय ने नर्सों की हड़ताल को बुधवार को हुई सुनवाई में अवैध घोषित कर दिया था और कहा था कि वे आठ जुलाई से काम पर लौटें। गौरतलब है कि नर्सिंग कर्मचारियों की हड़ताल की वजह से बुधवार को भी राजधानी के हमीदिया अस्पताल में वार्ड में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई मरीजों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि उनकी चादर तीन-चार दिन से नहीं बदली गई। यह जिम्मेदारी नर्सिंग कर्मचारियों की होती है। सीनियर नर्सों के भी हड़ताल में शामिल होने की वजह से मरीजों को समय पर दवाएं भी नहीं मिल पा रही थीं।

## हैती के राष्ट्रपति की घर में घुस कर हत्या

हैती के राष्ट्रपति जोवेनल मोइसी के घर में घुसकर उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना में उनकी पत्नी को भी गंभीर चोटें आई हैं। खबरों के अनुसार बुधवार सुबह कुछ हमलावरों ने उनके घर में घुसकर इस घटना को अंजाम दिया। देश के अंतरिम प्रधानमंत्री क्लॉड जोसेफ ने कहा कि इस घटना से देश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी। देश पहले से ही हिंसा हो रही है।

## इंदौर में देह व्यापार से मुक्त करवाई 10 बांग्लादेशी युवतियां आश्रम से फरार



**इंदौर।** देह व्यापार के अड्डे से मुक्त करवाई 10 बांग्लादेशी युवतियों के फरार होने से हड़कंप मचा है। युवतियों को बाणगंगा स्थित वृद्धाश्रम में रखा गया था। थाने के चार पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे पहरा भी देते थे। शक है युवतियों को भगाने में मानव तस्करी के आरोपित सागर और गुजरात के दलालों बाबू का हाथ है। पुलिस संदेहियों और युवतियों की कॉल डिटेल निकाल रही है। विजयनगर थाना पुलिस ने पिछले वर्ष नवंबर में महालक्ष्मी नगर स्थित मोहित गेस्ट हाउस से 16 युवतियों को मुक्त करवाया था। उनमें युवतियां भारतीय और 11 बांग्लादेशी पाई गई। जांच में खुलासा हुआ इन युवतियों को बांग्लादेशी एजेंट बख्तियार, शबाना जैसे दलालों ने अवैध तरीके से भारतीय सीमा में दाखिल करवाया था।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

## नाबालिगों को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

सुप्रीम कोर्ट में बृहस्पतिवार को 13 उन दोषियों को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है जिन्हें अपराध के वक्त नाबालिग घोषित किया जा चुका है। पिछले हफ्ते शीर्ष अदालत ने इस मामले में यूपी सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस इंदिरा बनर्जी की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश एडिशनल एडवोकेट जनरल गरिमा प्रसाद ने कहा कि इस तथ्यों को जांच करने की जरूरत है। अंतरिम जमानत दी जा सकती है।

# महिला मंत्रियों की हेंडलूम की साड़ी के खूब चर्चे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मंत्रिपरिषद में बदलाव करके कई सियासी समीकरण साधने का प्रयास किया है। साथ ही अपनी कैबिनेट में सात महिला मंत्रियों को भी जगह देकर महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया है। बुधवार को जब राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा था तो एक बात यह भी ध्यान देने लायक थी कि मोदी कैबिनेट में शामिल सातों महिला मंत्री हेंडलूम की बनी साड़ी पहनकर पहुंची थी। देश के अलग-अलग राज्यों से प्रतिनिधित्व करने वाली ये सातों महिला केंद्रीय मंत्री भारत की विविधता में एकता को भी भी दर्शाती हुई नजर आई। वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने ट्विटर हैंडल पर महिला मंत्रियों की तस्वीरें साझा कीं। गौरतलब है कि मोदी सरकार हथकरघा और लघु उद्योग को काफी प्रोत्साहित कर रही है और ऐसे में सभी महिला मंत्रियों द्वारा हेंडलूम के साड़ी पहनकर पहुंचना भी आकर्षण का केंद्र रहा। केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने एक सिल्क साड़ी पहनी थी, जो गुलाबी बॉर्डर के साथ ग्रे रंग की थी। स्मृति ईरानी, जिन्हें बुधवार को कपड़ा मंत्रालय से स्थानांतरित कर दिया गया था, उन्हें एक शानदार कढ़ाई वाली चंदेरी हथकरघा साड़ी में फूलों के पैटर्न और एक कांस्य सीमा के साथ देखा गया था।

## महू के छावनी क्षेत्र में घर के अंदर धमाका



**महू।** छावनी क्षेत्र के रिहायशी इलाके खान कालोनी में गुरुवार सुबह एक जोरदार धमाका हुआ। यह धमाका गेट नंबर 5 के सामने बने एक घर में हुआ। जिसमें परिवार के तीन लोग घायल हो गए। इनमें पति-पत्नी और एक छोटा बच्चा शामिल है। धमाके की वजह घर के अंदर गैस सिलिंडर का फटना बताई जा रही है। घायलों को मालवा हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां से महिला और बच्चे को इंदौर रेफर कर दिया गया है। वहीं एक घायल का इलाज महू में ही किया जा रहा है।यह धमाका सुबह करीब 8.30 बजे समीर नाम के व्यक्ति के घर पर हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि घर की दीवार टूट कर कुछ फुट दूर जा गिरी। धमाके के वक्त घर में सलीम, उसकी पत्नी नसरीन और बेटा थे। हालांकि धमाके की वजह भी संदिग्ध नजर आ रही है क्योंकि घर में गैस की एक ही टंकी थी और वह अब भी रखी हुई है। पुलिस ने इस बारे में सलीम से कई सवाल भी किए लेकिन वह इनका साफ-साफ जवाब नहीं दे सका। पुलिस के मुताबिक ऐसे में फिलहाल वजह स्पष्ट करना उनके लिए भी मुश्किल है।



# प्रोत्साहन नीति बदली तो धान की मिलिंग का मामला सुलझा


**राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को मिले विकल्प, 3 दिन में करना होगा अनुबंध, अब ऑफलाइन विकल्प**

**कटनी। धान की मिलिंग का मामला अब सुलझता हुआ दिखाई दे रहा है। राज्य सरकार ने प्रोत्साहन नीति में बदलाव किया तो मिल संचालक मिलिंग के लिए तैयार हो गए। मिलिंग की प्रोत्साहन नीति में बदलाव के बाद 23 लाख टन से ज्यादा धान की मिलिंग करने के लिए मिल संचालकों ने सहमति जताते हुए विकल्प राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को दिए हैं। वहीं खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मिलर के साथ 3 दिन में मिलिंग के लिए अनुबंध किया जाए।**

अनुबंध नहीं करने वालों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी, वहीं अब बाकी धान की मिलिंग के लिए ऑफलाइन विकल्प देने होंगे। यह व्यवस्था सिर्फ वर्ष 2020-21 की धान मिलिंग के लिए ही रहेगी। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों ने बताया कि मिलिंग के लिए चार विकल्प दिए गए थे। इसमें प्रति क्विंटल धान की मिलिंग पर 50 रुपये प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि के साथ अपग्रेडेशन के लिए 50 से लेकर 200 रुपये प्रति क्विंटल तक राशि अतिरिक्त तौर पर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि अधिकांश मिलर ने राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को 80 फीसद और भारतीय खाद्य निगम एफसीआई को 20 फीसद चावल देने का विकल्प चुना है। इसमें उन्हें 50 रुपये प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि और इतनी ही राशि अपग्रेडेशन के लिए मिलेगी। अन्य विकल्प में 40 फीसद चावल राज्य निगम और 60 प्रतिशत एफसीआई को देने पर प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त प्रति क्विंटल 150 रुपये, पूरा चावल एफसीआई को देने का विकल्प चुनने पर प्रोत्साहन के अलावा दो सौ रुपये प्रति क्विंटल अपग्रेडेशन राशि देने का प्रविधान है। बताया जाता है कि ऑनलाइन विकल्प मिलर ने दे दिए हैं। इसके आधार पर 23 लाख टन से ज्यादा धान की मिलिंग के विकल्पों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अब मिलर को अनुबंध करके तेजी के साथ चावल बनाकर देना होगा। प्रतिदिन मिलिंग की क्षमता के आधार पर धान दी जाएगी। कई जिले ऐसे हैं, जहां मिलिंग की क्षमता अधिक है और धान कम, वहां अन्य जिलों से धान लाकर मिलिंग करने की अनुमति दी जाएगी। मिल संचालकों को शेष धान की मिलिंग के लिए अब ऑफलाइन विकल्प देने होंगे। मिलिंग के लिए केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2021 तक अनुमति दी है।


# बूंदाबांदी के बाद बढ़ी तपन व उमस

**मानसून के सक्रिय न होने से पूरा शहर हलाकान**



**कटनी। मौसम में एक बार फिर बदलाव हो गया है। मंगलवार की रात से मंडरा रहे बादलों के कारण कल बुधवार को दोपहर के समय बूंदाबांदी हुई। जिसके बाद जैसे ही बादल साफ हुये धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। बेचैन करने वाली उमस भी बढ़ गई थी। मानसून के सक्रिय न होने से पूरा शहर हलकान है। स्थानीय बादलों के भरोसे हल्की बारिश या बूंदाबांदी तो हो रही है लेकिन यह राहत देने वाली नहीं है। कुछ समय के लिए मौसम में ठंडक घुलती है उसके बाद फिर उमस बेचैन करने लगती है।**

पिछले कई दिनों से यही सिलसिला जारी है। मंगलवार की रात भी आये बादलों के बाद बूंदाबांदी होने से मौसम में हल्की ठंडक घुल गई थी लेकिन बुधवार की सुबह जैसे ही आसमान साफ हुआ तेज धूप ने परेशान करना शुरू कर दिया था। दोपहर तक मौसम खुला रहा जिसके कारण चिपचिपी गर्मी असर दिखा रही थी। दोपहर में एक बार फिर मौसम बदला और बादलों की खेप के साथ हल्की बारिश हुई लेकिन बूंदाबांदी के बाद जैसे ही मौसम साफ हुआ गर्मी व उमस ने लोगों को परेशान कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे के दौरान भी जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी के ही आसार हैं। बारिश का क्रम शुरू होने में अभी चार से पांच दिन और लग सकते हैं क्योंकि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम को सक्रिय होने में अभी इतना ही समय लगेगा उसके बाद ही राहत की बूंदे बरसने की उम्मीद है। उधर बारिश नहीं हुई तो अधिकतम तापमान में और इजाफा होने की संभावना है।



# ग्रामीण क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों से हो रही कालाबाजारी

**विजयराघवगढ़।** प्रशासन द्वारा एक ओर जहां गरीब हरिजन आदिवासी उपभोक्ताओं को निशुल्क खाद्यान्न सामग्री दिलाने निर्देशित कर 3 माह का निःशुल्क खाद्यान्न निर्देशित किया है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकानदार अपनी हठधर्मिता से स्वयं का कानून बनाकर ग्रामीणों को खाद्यान्न सामग्री प्रदाय कर नगद राशि लेते हैं तथा अनेकों दुकानों में 3 माह के निशुल्क खाद्यान्न सामग्री की जगह 2 माह का खाद्यान्न प्रदाय कर 1 माह की खाद्यान सामग्री नगर राशि लेकर प्रदान किया गया है। उपभोक्ताओं द्वारा जानकारी लेने पर अगले माह प्रदाय करने बता कर चलता कर दिया जाता है। स्वयं को प्रशासनिक कर्मचारी बता कर ग्रामीण गरीब उपभोक्ताओं को कार्यवाही करने की धोस दी जाती है। खाद्यान्न सामग्री में मनमानी की खबर अखबारों में प्रकाशित होने पर उचित मूल्य दुकानों की जांच ना होने से सेल्समैनों की मनमानी दिनोदिन बढ़ती जा रही है। कलेक्टर एवं खाद्य अधिकारी से उचित मूल्य दूकानों की जांच की अपेक्षा की गई है।

# अभिभावकों की मांगों को लेकर जबलपुर में प्रदर्शन




**कटनी।** निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ अभिभावक कल्याण संघ का आंदोलन तेज हो गया है। पिछले दिनों कटनी जिला मुख्यालय में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करने और अभिभावकों के हित में मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने के बाद आज संभागीय मुख्यालय जबलपुर में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के एक दिवसीय आगमन पर अभिभावकों की आवाज को उठाते हुए अभिभावक कल्याण संघ के पदाधिकारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गई। इस दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अभिभावक कल्याण संघ के पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया। संघ के जिलाध्यक्ष रुपेश पहारिया ने बताया कि निजी स्कूलों द्वारा लगातार अभिभावकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। फीस जमा करने के लिए अनैतिक तरीके से दबाव डाला जा रहा है। ट्यूशन फीस के नाम पर अनाप शनाप वसूली की जा रही है। कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन की वजह से पहले से ही परेशान अभिभावकों की समस्याओं के प्रति न तो राज्य सरकार द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही जनप्रतिनिधियों द्वारा। पिछले दिनों जिला कलेक्टर के माध्यम से मांगों को लेकर आवाज उठाने के बाद भी अभिभावकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। जिसके चलते अभिभावक कल्याण संघ द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आज जबलपुर आगमन के दौरान उनसे मुलाकात करते हुए अपनी मांगों से अवगत कराने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। स्कूलों द्वारा लगातार अभिभावकों को प्रताड़ित करने, ट्यूशन फीस के नाम पर पूरी फीस वसूलने, ऑनलाइन क्लास की निर्धारित फीस करने के लिए ज्ञापन सौंपने जाते हुए अभिभावक कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष रुपेश पहारिया और जिला सचिव गौरव संजीव सूरी भारतीय को जबलपुर के कचपुरा के पास से पुलिस ने बर्बरतापूर्वक तरीके से गिरफ्तार कर लिया। संघ के जिलाध्यक्ष रुपेश पहारिया ने बताया कि अभिभावकों की आवाज के लिए यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।


**ज्ञापन सौंपने जाते समय अभिभावक कल्याण संघ के पदाधिकारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**



# पढ़ने लिखने की उम्र में बालिका दिखा रही करतब

**विजयराघवगढ़।** प्रशासन द्वारा गरीब हरिजन आदिवासी बालक बालिकाओं को एक ओर जहां शिक्षित बनाने निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं आवागमन की सुविधा हेतु निशुल्क साइकिल की व्यवस्था कर शिक्षित बनाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है तो वहीं अनेकों बालक बालिकाएं मुख्य धारा से हटकर भटके हुए है। विजयराघवगढ़ नगर में 9 वर्ष की दमोह से आई बालिका, जिसका नाम रानी है, नगर के चारों ओर चौराहों गलियों में ऊंची लकड़ी में चढ़कर अपने करतब दिखाकर लोगों से पैसे लेकर अपने जीवन यापन कर रही है। वही लोगों द्वारा खुले दिल से गरीब बालिका का सहयोग किया जा रहा है।

# हवाला के खेल का गढ़ बने बड़े रेलवे स्टेशन



## प्लेटफार्म से ट्रेन तक आसानी से पहुंच रहे हवाला कारोबारी

**कटनी।** रेलवे स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेनों से हवाला का करोड़ों रुपये छोटे-छोटे बैग में रखकर यात्री ला और ले जा रहे हैं। इन दिनों हवाला कारोबारियों के लिए कटनी, जबलपुर, सतना, नरसिंहपुर और दमोह रेलवे स्टेशन से हवाला का पैसा ले जाना आसान हो गया है। इधर कटनी में गतदिवस बरामद हुए लगभग 7 करोड़ रूपए के जेवरों की जांच में आयकर विभाग जुट गया है लेकिन अभी तक वह यह पता नहीं लगाया सका है कि यह जेवर एक नंबर के हैं या दो नंबर के। कटनी के रेलवे स्टेशनों में से कई में आरपीएफ और जीआरपी की सुरक्षा व्यवस्था सख्त नहीं है, जिसका फायदा नंबर दो का कारोबार करने वाले कारोबारियों को मिल रहा है। यहां यात्रियों के लगेज की जांच तक नहीं होती, जिससे हवाला का पैसा आसानी से स्टेशन के सर्कुलेशन एरिया से होते हुए प्लेटफार्म और फिर ट्रेन तक पहुंच जाता है। इसमें रेलवे और सुरक्षा एजेंसियों के भी कुछ जुड़े हैं। सूत्रों के मुताबिक आरपीएफ और जीआरपी की जांच में कई ऐसी जानकारी सामने आई है। जिससे यह साफ हो गया है कि स्टेशन से लेकर ट्रेन तक हवाला का पैसा आसानी से पहुच रहा है।

# सेवानिवृत्ति पर दी बिदाई, शाल-श्रीफल से सम्मान



**विजयराघवगढ़।** लोक निर्माण विभाग में कार्यरत गोपाल सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विभागीय कर्मचारियों के साथ ही स्नेहीजनों द्वारा उन्हें भावभीनी बिदाई दी गई। इस अवसर पर अम्बिका प्रसाद बर्मन द्वारा तिलक लगाकर उनका शाल श्रीफल से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र बर्मन, संतोष बाल्मिक सुखलाल प्रसाद, जगदीश प्रसाद, सुग्रीव प्रसाद, गंगाराम, बलदेव प्रसाद, श्री प्रसाद, प्रभु दयाल, नेतराम राम, किशोर, पुन्नू गुप्ता, संतोष गुप्ता, रवि गुप्ता, कमलेश गुप्ता आदि लोगों की उपस्थिति रही।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई — त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ — मंगलवार, गुरूवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ — महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ — महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24/7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 08 जुलाई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

**रीठी में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त चेकिंग, तीसरी लहर से एहतियात बरतने, मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने दी समझाइश**

## बिना मास्क लगाए मिले लोगों से वसूला जुर्माना





**रीठी।** रीठी तहसील मुख्यालय के तिराहे, चौराहे और मुख्य बाजार में मंगलवार को बिना मास्क लगाए दुकानदारों एवं आमजनों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सयुंक्त चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोगों पर चालानी कार्यवाही की गई, वहीं वाहनों में आवश्यक दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी बैठने पर मोटरसाइकल, अन्य वाहनों से रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी एवं पुलिस टीम द्वारा लगभग 26 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 2600 सौ रुपये समन शुल्क वसूला गया, वहीं रीठी तहसीलदार राजेश पांडेय, नायब तहसीलदार प्रियंका तेकाम व राजस्व टीम द्वारा बिना मास्क लगाए घूम रहे लोगों, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने आदि लापरवाही बरतने वाले लोगों एवं दुकानदारों 47 लोगों पर कार्यवाही कर 4700 रुपये जुर्माने की कार्यवाही कर समझाइश दी गई। गौरतलब है कि लॉकडाउन समाप्त होने के बाद रीठी तहसील मुख्यालय में प्रशासन एवं पुलिस द्वारा पहली बार संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को समझाइसश देते हुए कार्यवाही की गई है। अचानक पुलिस की कार्यवाही से लोगों में हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई।

## 44 केन्द्रों में 7278 लोगों ने पहुंचकर पाया सुरक्षा कवच

**109.44 प्रतिशत वेक्सीनेशन, कोवीशील्ड वेक्सीन का टीकाकरण**



**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत जिले में बुधवार को निर्धारित 44 टीकाकरण केन्द्रों पर कोवीशील्ड वेक्सीन के टीकाकरण के लिये विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। जिले में राज्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 6650 के विरुद्ध 7 हजार 278 लोगों का वेक्सीनेशन कराया गया। बुधवार को वेक्सीनेशन के विशेष कैम्पेन के तहत कुल 109.44 प्रतिशत वेक्सीनेशन जिले में हुआ है। जिले में वेक्सीनेशन महा-अभियान में कोवीशील्ड के पहले और दूसरे डोज के टीकाकरण के लिये 44 टीकाकरण केन्द्रों में बुधवार की सुबह 10 बजे से ही वेक्सीनेशन को लेकर नागरिक टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचे और अपना कोवीशील्ड वेक्सीन का टीकाकरण भी कराया। वहीं शहरी क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर में कोवेक्सीन के पहले और दूसरे डोज के लिये भी विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। विशेष वेक्सीनेशन कैम्प के तहत शहरी क्षेत्र में 2179, बरही में 321, कन्हवारा में 848, विजयराघवगढ़ में 878, बहोरीबंद में 866, रीठी में 819, ढीमरखेड़ा में 864 और बड़वारा में 503 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वेक्सीनेशन का सुरक्षा कवच दिया गया।

## विपत्तिग्रस्त महिलाओं को मिलेगा रोजगार का प्रशिक्षण

**मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना**

**कटनी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सशक्तिकरण योजना अन्तर्गत विपत्तिग्रस्त महिलाओं के लिये प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण बलात्कार पीड़ित महिला या बालिका, दुर्व्यापार से बचाई गई महिलायें, ऐसिड विक्टिम, दहेज प्रताड़ित, अग्नि पीड़ित, कुंआरी मातायें या सामाजिक कुप्रथा की शिकार, परित्यक्ता, तलाकशुदा, जो गरीबी रेखा के नीचे यापन करती हैं एवं मानसिक रुप से विक्षिप्त ना हो, आश्रयगृह, बालिका गृह अनुरक्षण गृह में निवासरत बालिकायें, महिला प्रशिक्षण में शामिल हो सकती हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें रोजगार प्राप्त हो सकेगा। इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये संबंधित आवेदक की उम्र 45 वर्ष से कम होनी चाहिये। वहीं विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा, एससी, एसटी, पिछड़ावर्ग के महिला होने की स्थिति में 50 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य होगी। यह प्रशिक्षण ऐसी संस्थाओं के माध्यम से दिया जायेगा, जिन संस्थाओं से जारी डिग्री, प्रमाणपत्र शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में मान्य होगा। इस प्रशिक्षण में होने वाला पूर्ण व्यय, जिसमें प्रशिक्षण शुल्क, आवासीय शुल्क, भोजन एवं शिष्यावृत्ति शामिल रहेगी, विभाग द्वारा वहन की जायेगी। हितग्राहियों का चयन जिलास्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। इस योजना अन्तर्गत फॉर्मेसी, नर्सिंग, फीजियो थेरेपी, ब्यूटीशियन, कम्प्यूटी डिप्लोमा, शॉर्ट टर्म मैनेजमेन्ट कोर्स, डीएड, बीएड, आईटीआई पाठ्यक्रम, हॉस्पिटीलिटी, बैंकिंग, होटल इवेन्ट मैनेजमेंट, प्रयोगशाला सहायक, अन्य प्रशिक्षण जो शासन द्वारा समय समय पर निर्धाश्रत किये जायेंगे एवं जो भी ट्रेड जिले में उपलब्ध होगा, उसमें प्रशिणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये इच्छुक आवेदक एवं जिले में संचालित संस्थायें आवेदन का प्रारुप जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, राय कॉलोनी कटनी से प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिये आवेदन 30 दिवस के भीतर कार्यदिवसों में सांय 5.30 बजे तक जमा किये जा सकते हैं।

## 3 वार्ड के दरोगा को कारण बताओ नोटिस

**निगमायुक्त ने मांगा बिंदुवार स्पष्टीकरण**




**कटनी।** निगमायुक्त श्रीसत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनानें हेतु निगम की स्वास्थ्य शाखा के फील्ड के अधिकारियों को रोजाना नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करनें के निर्देश प्रदान किये गए है। निर्देशों के परिपालन में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों एवं स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा रोजाना नगर की प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर व्यवस्था को सुचारू बनाये रखनें हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी द्वारा विगत दिवस नगर की प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान राजीव गांधी वार्ड के प्रभारी वार्ड दरोगा रोजश मनोहर, रफी अहमद किदवई वार्ड एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के वार्ड दरोगा सोनू बम्नहेल तथा राम जानकी हनुमान वार्ड के वार्ड दरोगा मुन्ना लाल खेरिया को डयूटी के दौरान दायित्वों में उपस्थित न रहनें, वार्ड में नियुक्त सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति कम होनं, उपस्थित स्वच्छता दूतों को यूनीफार्म में नहीं पाये जाने तथा सौपे गए दायित्वों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतनें के कारण उक्त संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में अपना बिंदुवार स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

## उड़द की फसल के कम उपार्जन से किसानों में रोष



**कटनी।** भारतीय किसान संघ ने उपसंचालक, कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द फसल का उपार्जन प्रति एकड़ सिर्फ 3 क्विंटल तक लिया जा रहा है जबकि किसान प्रति एकड़ मूंग एवं उड़द प्रति एकड़ 7 से 10 क्विंटल तक पैदा किया है। किसान परेशान है कि जबलपुर में प्रति एकड़ 6 क्विंटल का उपार्जन हो रहा है फिर हमारे जिला कटनी में 3 क्विंटल का उपार्जन क्यों लिया जा रहा है अर्थात उपार्जन 6 क्विंटल प्रति एकड़ किया जाए। ज्ञापन देते समय प्रांत उपाध्यक्ष नंदकिशोर परौहा, जिलाध्यक्ष बिहारीलाल निगम, जिला मंत्री अनिल विश्वकर्मा, रामकृपाल की उपस्थिति रही।

## जुआफड़ से 75 हजार नगद व कारें बरामद

**ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत नेगई के जंगल में बिछी थी बिसात,9 जुआरी गिरफ्तार, 3 फरार**

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत नेगई गांव के जंगल में मंगलवार देररात दबिश देकर पुलिस ने 9 जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से करीब 75 हजार रुपये जप्त किया है। इसके अलावा पुलिस ने दो चार पहिया वाहनों को भी मौके पर पकड़ा है जबकि तीन जुआरी मौका पाकर फरार हो गए। पुलिस ने सभी जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने बताया कि मंगलवार देररात को नेगई के जंगल में जुआरियों द्वारा जुआ फड़ लगाए जाने की सूचना मुखबिर से मिली थी। मौके पर पहुचीं पुलिस ने नेगई के जंगल में रात को घेराबंदी कर जुआ खेल रहे महेंद्र साहू, साहिल उर्फ अकबर खान, संतोष सोनकर, राकेश द्विवेदी, संदीप राजपाल, रजनीश तिवारी, रत्नेश श्रीवास्तव, शेख ईसराइल और सौरभ मिश्रा को जुआ खेलते हुए पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से ताश पत्ते और 74,760 रुपये जप्त किया है। जबकि जुआ खेल रहे रिस्सू जैन, कंजा उर्फ अरुण राय और ओमप्रकाश पुलिस को देखकर फरार हो गए। इसके साथ ही पुलिस ने बुलेरो वाहन क्रमांक एम.पी.54सीए-0996 और शिफ्ट डिजायर कार क्रमांक एम.पी.07सीबी-5780 को भी मौके से जप्त किया है। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी अर्चना सिंह, कार्यवाहक उपनिरीक्षक विष्णु शंकर जायसवाल, आरक्षक राजकुमार, मंजय यादव, जागेश्वर कुंजाम, पंकज सिंह, अजय सिंह का विशेष योगदान रहा।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की राजेन्द्र जायसवाल निवासी-गुरूनानक वार्ड कटनी ने अपने पुत्र अभिजीत जायसवाल कटनी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। पिछले कुछ समय से अभिजीत द्वारा शहर में सूदखोरी से पैसा उधार लेकर अपने ऊटपटांग शौक पूरे करता रहा होगा। घर पर भी मां- बाप का जीना दुश्वार कर रखा है। मैं इस आम सूचना के माध्यम से सभी को सूचित करना चाहता हूँ कि मेरे पुत्र अभिजीत को कोई भी व्यक्ति उधारी न दे। उसकी उधारी हेतु देने वाले की स्वयं जवाबदारी होगी। आम सूचना के पश्चात् जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र को उधारी देगा उसकी कोई भी शिकायत मेरे घर पर आकर नहीं करेगा और न ही मान्य रहेगा। पूर्व में भी जो भी देनदारी मेरे पुत्र की है उससे मुझे कोई लेना-देना नहीं है। **कटनी दिनांक-25.06.2021**

**अधिवक्ता वास्ते राजेन्द्र जायसवाल**
**जे.के. उरमलिया (एडवोकेट) नीलम हास्पिटल के पास सावरकर वार्ड नई बस्ती कटनी मो.नं. 7566584991**

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**

## नगर की सफाई व्यवस्था में जुटा निगम का स्वास्थ्य अमला



**मुख्य मार्गों एवं मलिन बस्तियों के नाले नालियों की सफाई का अभियान जारी**



**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा प्रातःकालीन दायित्व पर उपस्थित स्वच्छता दूतों की उपस्थिति एवं सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर स्वच्छता मित्रों को मुख्य मार्गो एवं नाले नालियों की सुचारू सफाई व्यवस्था के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में आज प्रातःकालीन नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गों पन्ना मोड, कैलवारा मोड, नदीपार बस स्टेण्ड, जालपा वार्ड लक्ष्मी भवन के बाजू स्थित प्लाट एवं शेर चौक मुख्य मार्ग की सफाई, मिशन चौक, कोतवाली थाना से मिशन चौक तक के डिवाईडर, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, भट्टा मोहल्ला, कटाएघाट मोड, लखेरा, पी.डव्ल्यू डी कॉलोनी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न मार्गो, ग्राम पंचायत चौराहा, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर पहुंच मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों में झाडू लगाकर सफाई कार्य किया जाकर मुख्य मार्गों के डिवाईडरों की सफाई एवं डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य कराया गया। वर्षा पूर्व नगर के नाले नालियों की सफाई अभियान के तहत आज प्रातः राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित प्रजापति बस्ती एवं हरिजन बस्ती के नाले एवं नालियों, विजय रोलिंग शटर के पास नाली की सफाई की जाकर जाम को खुलवानें, कावस जी वार्ड शमशान भूमि रोड मंजू वंशकार के सामनें वाले नाले, कावस जी वार्ड गढडा टोला मलिन वंशकार बस्ती, फारेस्टर वार्ड रंगनाथ मंदिर के पास बडे नाले की सफाई का कार्य, माधव नगर राष्ट्रीय राजमार्ग अशोक नर्सरी के पास वाले बडे नाले सहित नगर के अन्य नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

**mgm HOSPITAL** We Care with Care

**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

**त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ**
**डॉ. हितेश लोकवानी**
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 14/07/2021 एवं 28/07/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।
माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

**मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ**
**डॉ. हर्ष सक्सेना**
डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक 18/07/2021 दिन रविवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**
सिर एवं रीढ़ की चोटें, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हेम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.बी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं पुर्नवास।
माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
**पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72**

# वेक्सीनेशन के लिए मुनादी किया जा रहा सर्वे का कार्य





**कटनी।** नगर के शहरी क्षेत्रों में आज आयोजित होने वाले कोविड -19 वैक्सीनेशन सत्र को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा व निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन एवं उपायुक्त अशफाक परवेज की मॉनीटरिंग में नगरपालिक निगम, कटनी सीमा क्षेत्र के चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में निगम के संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक साफ- सफाई, पहुंच मार्गो में चूने की लाईनिंग पेयजल टेंट, शामियाना, आदि व्यवस्थाओं का कार्य पूर्ण कराया जाकर गठित दल के प्रभारी एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थांए समय पर पूर्ण कराते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन,गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्थानीय चिकित्सक, पत्रकारगण एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग लेते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण करानें के प्रयास किये गए। आयोजित होनें वाले वैक्सीनेशन सत्र का स्थानीय नागरिकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निगमायुक्त श्री धाकरे के निर्देशन में विगत रात्रि निगम के वाहनों के माध्यम से निगम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों की जानकारी की मुनादी का कार्य कराया जाकर नागरिकों से नजदीकी टीकाकारण केन्द्र पहुंचकर टीकाकरण करानें की अपील की गई। कोरोना संक्रमण से बचाव एवं सुरक्षा की दृष्टि से नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के टीकाकरण से वंचित व्यापारियों, फुटकर हांथ ठेला संचालकों, सब्जी विक्रेता, फुटकर मेन रोड कपडा विक्रेता आदि के सर्वे का कार्य कराया जाकर उन्हें टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित करने की कार्यवाही के साथ ही नाम, पता, आधार कार्ड की जानकारी एकत्रित करने का कार्य किया जा रहा है। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने जानकारी देते बताया कि कोविड -19 संक्रमण से बचाव हेतु टीका ही एक मात्र सुरक्षा कवच है, आपनें वैक्सीनेशन से वंचित नागरिकों से कोरोना महामारी के संक्रमण से बचने हेतु अपने आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर के साथ नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में पहुचकर टीकाकरण कराने की अपील की है।

# पिपरा में चार महीने से बंद ट्रांसफार्मर

## क्षेत्र के लोग परेशान, अधिकारियों की लापरवाही



**विजयराघवगढ़।** तहसील क्षेत्र विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा में बस स्टेंड के पास ट्रांसफार्मर लगभग 4 महीने से बन्द पड़ा हुआ है। जिससे क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के उच्च अधिकारियों से कईयों बार शिकायतें की गई लेकिन लेकिन ट्रांसफार्मर में सुधार की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय अधिकारी ने केवल आश्वासन देकर रिपेयरिंग किया हुआ ट्रांसफॉर्मर लगवाकर केवल 4 दिनों के लिए लोगों को विद्युत से निजात दिलाया गया। था। वर्षा ऋतु पर जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीली जीव जंतु की बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है, वहीं विद्युत विहीन रहकर लोगों को अनेकों तरह का भय भी सताता रहता है, दूसरी ओर वर्तमान में चल रही भीषण गर्मी, जिसके कारण जीव जंतुओं से हमेशा भय की स्थिति बनी रहती है। प्रशासनिक अधिकारी के ध्यान न देने से पिपरा ग्राम के रहवासी अंधेरे में अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। क्षेत्र के अवसर साहू, बीनेश केवट, प्रकाश केवट, मुकेश केवट, लल्ला केवट, दीपक दहिया ने जिले के वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि अविलंब ट्रांसफॉर्मर की जांच करा कर नया ट्रांसफॉर्मर लगवाया जाए, अन्यथा ग्रामीण जन आंदोलन हेतु मजबूर हो जाएंगे।

## लूटकांड के संदेहियों तक पहुंची पुलिस,आज हो सकता है खुलासा

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत शाहनगर के ग्राम टुंडा निवासी सुभाष राय के साथ मंगलवार को हुई लूट की घटना को पुलिस ने संज्ञान में लिया है। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने कट्टा अड़ाकर 90 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी विपिन सिंह का कहना है कि संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं इस मामले में सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार व सीडीआर लोकेशन के अनुसार जिन आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है उनको पीड़ित पहले से जानता है। किसी कारोबार को लेकर बातचीत भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि किसी धंधा के नाम पर खाली पैकेट पकड़ा गए थे आरोपी, जिसके बाद सुभाष ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी।

# पुलिस के लिए चुनौती बने चोर





**कटनी।** शहर से लेकर गांव-गांव तक चोर पुलिस के लिए चुनौती बन गए हैं। जिले भर में आए दिन घर, मकान, दुकान व मंदिरों के ताले टूट रहे हैं। वारदातों में हजारों-लाखों का सामान चोरी जा रहा है। साथ ही वाहन चोरी की वारदातों में भी इजाफा हुआ है। दुपहिया व चार पहिया वाहनों के साथ ही अब बुलंद हौंसले वाले बदमाश ट्रक व बड़े वाहनों को भी चोरी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वहीं चोरी की वारदातों में पुलिस की कार्रवाई केवल और केवल अपराध दर्ज करने तक सीमित रह गई हैं। चोरियों का पर्दाफाश करने में कटनी पुलिस कमजोर साबित हो रही है। जिसका फायदा भी चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों का मिल रहा है। बीते 24 से 48 घंटों के दौरान भी बदमाशों ने शहर से लेकर गांव-गांव तक कई जगह सक्रियता दिखाई है। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

**शहर से लेकर गांव-गांव तक आए दिन हो रही वारदातें, मामला दर्ज करने तक सीमित पुलिस की कार्रवाई**

## छपरवाह के हनुमान मंदिर में चोरी

एनकेजे थाना अंतर्गत उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार व बुधवार की दरम्यानीरात बदमाशों ने धावा बोला और अंदर से लगभग आधा दर्जन सीएफएल बल्व, पंखा सहित रामायण मंडली का सामान लेकर चंपत हो गए। दूसरे दिन पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे श्रृद्धालुओं को मंदिर में चोरी की जानकारी लगी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

## पुरैनी से ट्रक ले गए चोर

वहीं कुठला थाना अंतर्गत पुरैनी क्षेत्र से एक ट्रक चोरी जाने का भी मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के अनुसार दुर्गा मंदिर पुरैनी के पास खड़े ट्रक क्रमांक एम.पी.18एच-4739 को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। चोरी गए ट्रक की कीमत 1 लाख 60 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक मालिक धनपुरी, अमलाई जिला शहडोल निवासी शिवम पिता रामपति मिश्रा की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 379 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## हिरवारा से बैटरी व केबिल पार

उधर एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम हिरवारा से बैटरी व केबिल तार चोरी जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोरी गई बैटरी व केबिल की कीमत 36 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने आकाश द्विवेदी की शिकायत पर झर्राटिकुरिया निवासी फिरोज वंशकार नामक युवक के विरूद्ध नामजद चोरी का मामला दर्ज किया है।

**लोक अदालत की आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने सौंपे दयित्व**

# 10 जुलाई को ननि कार्यालय सहित तीन जोन कार्यालयों में आयोजित होगी लोक अदालत




**कटनी।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल तथा जिला कार्यालय विधिक सेवा प्राधिकरण,जिला न्यायालय झिंझरी कटनी के पत्रानुसार के पत्रानुसार 10 जुलाई 2021 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए लोक अदालत का आयोजन नगर निगम कटनी कार्यालय एवं जोन कार्यालय बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, खिरहनी आर्गेनबाडी भवन, माधव नगर उप कार्यालय में प्रातः 10 बजे से आयोजित करनें के निर्देश प्रदान किये है। लोक अदालत हेतु राजस्व विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ साथ जोन में पदस्थ समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को कार्यालय में निर्धारित 10 जुलाई को समय पर उपस्थित रहकर वसूली कार्य यथावत जारी रखने तथा अधिक से अधिक करदाताओं को अधिभार में छूट प्रदान करनें हेतु आदेशित किया है।

लोक अदालत के दौरान राजस्व विभाग से संबंधित समस्या एवं कठिनाई आने पर जागेश्वर प्रसाद पाठक प्राधिकृत अधिकारी राजस्व, नगर निगम कार्यालय में एवं जलकर/बजार किराया से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु संबंधित अनिल त्रिपाठी प्र. अधिकारी जलकर/बाजार माधवनगर उपकार्यालय से संम्पर्क कर तत्काल यथासमय समस्या का निराकरण करानें के निर्देश प्रदान किये गए है।

लोक अदालत का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों को प्राप्त हो इस हेतु निगम सीमान्तर्गत मुनादी करानें के साथ ही आयोजन स्थलों की साफ सफाई, चूने की लाईनिंग उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव किये जानें आवश्यकतानुसार टेंट एवं बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं अतिरिक्त भृत्यों की डयूटी लगानें तथा अनिवार्य रूप से कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहकर दायित्वों का निर्वहन कर निराकृत प्रकरणों की जानकारी निर्धारित समयावधि में जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकारण को प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

**कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक4691/निविदा/स्टेशनी /सामग्री/2021 कटनी दिनांक 02-07-/2021

**सीमित निविदा आमंत्रण**

कार्यालय कलेक्टर कटनी के अन्तर्गत लेखन सामग्री/अन्य सामग्री क्रय हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म की कीमत रूपये 500 /- (अंकन रूपए पांच सौ मात्र) चालान द्वारा बैंक में शासन शीर्ष 0070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं में जमा कर दिनांक 11/08/2021 को अपरान्ह 01:00 बजे तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय कलेक्टर कटनी के कक्ष क्रमांक 48 से प्राप्त की जा सकती है । निविदा शर्ते निविदा फार्म में उल्लेखित अनुसार होंगी। निविदा पूर्ण रूप से भरी हुई दिनांक 11/08/2021 को दोपहर 02:00 बजे तक (अवकाश दिवस को छोड़कर) कार्यालय कलेक्टर कटनी के कक्ष क्रमांक 48 में जमा की जा सकेगी , और उसी दिन दिनांक 11/08/2021 को अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा का प्रारूप एवं विस्तृत शर्तो/जानकारी/जिले की वेबसाइट www.katni.nic.in पर देखी जा सकती है, इस वेबसाइट से भी निविदा फार्म डाउनलोड कर प्राप्त कर निविदा शर्तो अनुसार जमा की जा सकती है।

कलेक्टर
जिला कटनी (म.प्र.)

जी-14256/21

# सेंट्रल स्कूल खोलने की कवायद तेज



## झिंझरी में भूमि और गुलाबचंद्र स्कूल में कक्षाएं संचालित करने सीबीएसई के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**कटनी।** शहर में सेंट्रल स्कूल खोलने की कवायद तेज हो गई है। सेंट्रल स्कूल के लिए आज सीबीएसई के अधिकारियों की एक टीम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सबसे पहले झिंझरी में जमीन का निरीक्षण किया और इसके बाद स्टेशन रोड स्थित गुलाबचंद्र स्कूल में सेंट्रल स्कूल की स्थापना और कक्षा पहली से पांचवी तक की कक्षाएं लगाने को लेकर जायजा लिया। तहसीलदार मुनव्वर खान ने बताया कि कटनी जिले में सेंट्रल स्कूल खोलने का प्रस्ताव काफी समय से लंबित है।

झिंझरी में सरकारी जमीन पर सेंट्रल स्कूल भवन का निर्माण कराए जाने को लेकर आज सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन सीबीएसई के डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों डिप्टी कमिश्नर ताजुद्दीन शेख, प्रचार्य केन्द्रीय विद्यालय एनकेजे जितेंद्र कुमार एवं डिप्टी कलेक्टर संघमित्रा गौतम ने निरीक्षण किया। तहसीलदार ने बताया कि भवन निर्माण का काम शुरू होते हुए कटनी में सेंट्रल स्कूल शुरू कर दिया जाएगा, तब तक सरकारी भवन में कक्षा पहली से पांचवी तक की कक्षाएं संचालित की जाएगी, इसके लिए स्टेशन रोड स्थित गुलाबचंद्र स्कूल का निरीक्षण करते हुए विचार विमर्श किया जा रहा है।

## जिले में अब तक 170.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 7 जुलाई तक 170.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 230.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 7 जुलाई 2021 तक तहसीलवार जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 97.6 मिलीमीटर, रीठी में 114.7, बड़वारा में 174.0, बरही में 372.0, विजयराघवगढ़ में 228.6, बहोरीबंद में 171.6, स्लीमनाबाद में 95.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 119.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे 0.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई। जिसमें कटनी तहसील अंतर्गत 1.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। वहीं शेष रीठी, बड़वारा, बरही, विजयराघवगढ़, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, ढीमरखेड़ा तहसीलों में निरंक वर्ष दर्ज हुई है।

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी**

क्रं./2197/का.यं./नि.प्रको./लो.स्वा.यां./परि. खण्ड/ 21 कटनी, दिनांक 05/07/2021

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 23-28/2021/22**

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http:www.mptenders.org.in पर कटनी जिले के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में स्थापित स्कूल, आंगनवाड़ी, ग्राम पंचायत, सोसायटी, प्रायमरी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित ट्यूबवेल में मोटर पंप स्थापना, एवं अन्य कार्य हेतु निम्नानुसार आमंत्रित है।

| निविदा क्रं. | सिस्टम निविदा क्रमांक | विकासखंड | कार्यों की संख्या | निविदा की कुल लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23/21_22 | 2021_PHED_149717 | कटनी | 90 no. | 128.87 | 128870 | 125000/- | 3 माह | Registered under M.P. PWD New centtralized Scheme |
| 24/21_22 | 2021_PHED_149718 | बहोरीबंद | 62 no. | 83.63 | 83630 | 10000/- | 3 माह | |
| 25/21_22 | 2021_PHED_149719 | ढीमरखेड़ा | 67 no. | 96.49 | 96490 | 10000/- | 3 माह | |
| 26/21_22 | 2021_PHED_149720 | ढीमरखेड़ा | 100 no. | 134.89 | 134890 | 125000/- | 3 माह | |
| 27/21_22 | 2021_PHED_149721 | रीठी | 85 no. | 114.66 | 114660 | 125000/- | 3 माह | |
| 28/21_22 | 2021_PHED_149722 | रीठी | 48 no. | 94.09 | 94090 | 10000/- | 3 माह | |

ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 26.07.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 28.07.2021 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथि - 28.07.2021 12.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां. विभाग, परियोजना खंड कटनी, फोन नं.-07622-225752

जी-14262/21

दो गज की दूरी मास्क है जरूरी

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म0प्र0)**

पत्र क्रमांक 1895 /खनिज/2021 कटनी, दिनांक 28/6/2021

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए.

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स सिमरन ग्रेनाई, निवासी 670 जयप्रकाश नारायण वार्ड बड़ी ओमती जबलपुर (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 15.02.2021 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1107 दिनांक 06.03.2021 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः विज्ञापन प्रकाशित होने से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | ढीमरखेड़ा | मार सिहुडी | 32/1 | 20.00 | शासकीय भूमि | एम. सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 20.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम,1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला कटनी

जी-14185/21

# भीड़ बढ़ी तो टोकन सिस्टम, फिर भी कम नहीं हुई परेशानी

## कचहरी वेक्सीनेशन सेंटर में नहीं रूक रही अव्यवस्थाएं, परेशान लोग बिना वेक्सीनेशन वापस लौटे



**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत टीकाकरण केन्द्रों में वैक्सीन लगवाने के लिए आज गुरूवार को भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। गर्मी और उमस के बीच केन्द्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई केन्द्रों में दोपहर 12 बजे ही वैक्सीन खत्म हो गई, जिसके चलते लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। सबसे ज्यादा भीड़ पुरानी कचहरी स्थित वेक्सीनेशन सेंटर में देखने को मिली।

यहां लंबी कतार लगने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आज से टोकन सिस्टम शुरू किया है। कतार में लगे लोगों को टोकन देकर कुर्सियों पर बिठाया गया और नंबर आने पर उन्हें वैक्सीन लगाई गई। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि आज पूरे जिले में आधा सैकड़ा वेक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं, जहां कोवीशील्ड और को-वैक्सीन की 11 हजार डोज लगाई जा रही है। सभी केन्द्रों में निर्धारित संख्या में ही लोगों को टीका लगाया जाना है, लेकिन कई केन्द्रों में उससे अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। डॉ. सिंघई ने बताया कि कल 9 जुलाई शुक्रवार को टीकाकरण नहीं होगा, जबकि 10 जुलाई शनिवार को 25 हजार 400 डोज लगाए जाएंगे। जिले में आज वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत कोवीशील्ड के फर्स्ट और सेकेण्ड डोज के टीकाकरण के लिये विशेष कैम्पेन चलाया जा रहा है। 50 टीकाकरण केन्द्रों में कोवीशील्ड वेक्सीन के प्रथम और सेकेण्ड डोज का वेक्सीनेशन किया गया, इसके लिए जिले के शहरी क्षेत्र में 8 एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 42 सेन्टर्स में वेक्सीनेशन हुआ।

शहरी क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर के साथ ही रेल्वे हॉस्पिटल एनकेजे, ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल, एसीसी हॉस्पिटल, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, सेवा भारती सरस्वती स्कूल, तिलक कॉलेज और शहरी प्राथमिक शाला लखेरा में कोवीशील्ड के पहले और द्वितीय डोज के लिये वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किया गया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में 42 टीकाकरण केन्द्र स्थापित किये गये है, जिसमे बड़वारा और बरही क्षेत्र अंतर्गत 7 केन्द्र, बहोरीबंद क्षेत्र अंतर्गत 6 केन्द्र, ढीमरखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत 7 केन्द्र, कन्हवारा क्षेत्र अंतर्गत 8 केन्द्र, रीठी क्षेत्र अंतर्गत 9 केन्द्र एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र अंतर्गत 5 केन्द्र चिन्हित किये गये हैं।

# कटनी-सिंगरौली रेलखंड में 40 किमी डबल ट्रैक तैयार



### दोहरीकरण के कार्य का जीएम ने लिया जायजा, कोयला परिवहन के लिए महत्वपूर्ण रेलवे ट्रैक में डबल लाइन के बाद राजस्व में होगी बढ़ोत्तरी

**कटनी।** कोयला परिवहन के लिए रेलवे की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कटनी-सिंगरौली रेलखंड के दोहरीकरण का काम तेज गति से कराया जा रहा है। यह काम रेलवे की प्राथमिकता में शामिल है। कटनी-सिंगरौली रेलखंड का दोहरीकरण होने से इस रूट पर चलने वाली कोयला लोडेड मालगाड़ियां अपने गंतव्य तक सही समय पर पहुंचेगी। इससे न केवल रेलवे के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी, वरन सिंगल रूट होने की वजह से यात्री गाड़ियों के विलंब से चलने से यात्रियों को होने वाली परेशानियों में भी कमी आएगी। जानकारी के मुताबिक कटनी-सिंगरौली रेलखण्ड के दोहरीकरण कार्य की कुल लम्बाई 257 किलोमीटर और इसकी कुल लागत 1763 करोड़ रूपए है। दोहरीकरण का काम इरकॉन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। मई के महीने तक 40 किलोमीटर डबल ट्रैक का निर्माण कार्य पूरा हो चुका था। जिसमे मझोली-गोण्डावली से 15 किलोमीटर, कटंगीखुर्द-सल्हाना 18 किलोमीटर एवं गोण्डावली-महदेईया 7 किलोमीटर शामिल है। जून के महीने में कटंगीखुर्द-न्यू कटनी जंक्शन के बीच 8 किलोमीटर के ट्रैक का काम भी पूरा करा लिया गया है। इस प्रकार कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर अभी तक कुल 48 किलोमीटर का कमीशन हो चुका है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा वर्ष 2021-22 में महदेईया-सिंगरौली 6 किलोमीटर, मझौली-देवराग्राम 8 किलोमीटर, सल्हाना-पिपरियाकला-खन्ना बंजारी 21 किलोमीटर, गजराबहरा-सर्रई ग्राम 10 किलोमीटर एवं मड़वास ग्राम-निवासरोड़ 17 किलोमीटर के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ 7 जुलाई को जबलपुर-सिंगरौली रेलखण्ड का विंडो निरीक्षण किया।



### दोहरीकरण जल्द पूरा करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान जीएम ने कटनी सिंगरौली रेलखंड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, रेल पथ, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का सघन निरीक्षण किया, तत्पश्चात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर, मुख्य ट्रैक अभियंता एवं अन्य अधिकारियों के साथ दोहरीकरण लाइन का निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति को देखा एवं कार्य की गुणवत्ता का जायजा, सामग्री तथा लेबर के सुनिश्चितता के विषय पर चर्चा की। इन सभी कार्य की प्रगति के लिए आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माण में शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### 62 किमी ट्रैक का लक्ष्य

बताया जाता है कि इस वर्ष पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा इस रेलखण्ड पर दोहरीकरण के कुल 62 किलोमीटर और कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जोन महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने न्यू कटनी जंक्शन से लेकर सिंगरौली के बीच तीव्र गति से रेल लाइन दोहरीकरण के कार्य का जायजा लेते हुए इस रेल लाइन पर बड़े एवं छोटे पुलों का भी निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान बरगवां स्टेशन पर गुड्स लोडिंग प्लेटफार्म के कार्य को तेज गति से समाप्त करने के आवश्यक निर्देश दिये। यहां से कोयला की लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए इस कार्य को तीव्र गति से किया जाना चाहिए। सिंगरौली स्टेशन से गोरबी वाय कनेक्शन साइडिंग को जोड़ने के लिए कार्य में तेजी लाने के लिए दिशा-निर्देश दिये गये। इस साइडिंग से जुड़ जाने से लोडिंग में काफी इजाफा होगा।

### गाड़ियों का स्टेरॉलिंग न हो, इस पर फोकस

कटनी-सिंगरौली रेलखंड उच्च ग्रेडेड वाला रेल सेक्शन है। इस रेलखंड पर गाड़ियों का स्टेरॉलिंग न हो, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये सिंगल रेल लाइन रेलखण्ड है, इसलिए स्टेरॉलिंग न हो और ट्रेन संचालन बाधित न हो, इसके लिए मल्टीपल लोको ही चलाया जाये। मेजर यार्ड मुख्यत: एनकेजे, कटनी एवं सतना में कोचिंग लोको की अतिरिक्त व्यवस्था पहले से ही उपलब्ध रखें। जिससे गाड़ियों के डिटेंशन न हो और जरूरत पड़ने पर जल्द से जल्द लोको भेजा जा सके, इसके अलावा डुबरिकला से जोबा रेलखण्ड पर चल रहे आईबीएस के कार्य को देखा और आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि इस सेक्शन पर ऑटो ब्लॉक सिग्नल लगाने के प्रस्ताव पर भी विचार करें। इस निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ मण्डल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य मुख्यालय के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष अधिकारी एवं इरकॉन के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 3256 के मुकाबले चार साल में 244 फ्लैटों का ही हुआ निर्माण

## पीएम आवास योजना में अधिकारियों की लापरवाही

**किराए के मकानों में रहने मजबूर गरीब तबका**



**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांछी योजना प्रधानमंत्री आवास में नगर निगम के अफसरों द्वारा बड़ी बेपरवाही की जा रही है। दो साल पहले शहर के 4316 लोगों को पक्की छत मुहैया करा देनी थी लेकिन 3 हजार 256 जरुरतमंद लोगों का सपना नगर निगम के अफसर चार साल बाद भी साकार नहीं कर पाए हैं। जिसका परिणाम है कि लोग किराये के मकान में रहकर गुजारा कर रहे हैं। नगर निगम कटनी द्वारा झिंझरी और प्रेमनगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 हजार 312 आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। दोनों ही योजनाओं में 3022.99 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जानकार ताज्जुब होगा कि दोनों ही योजनाओं की मियाद पूरी हो गई है लेकिन अभी तक झिंझरी में ठेकेदार एक भी आवास देने की स्थिति में नहीं हैं क्योंकि एक साल से अधिक समय से ठेकेदार बलराम शुक्ला द्वारा काम बंद कर दिया गया है। छह माह से नगर निगम आयुक्त ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई की बात कह रहे हैं लेकिन अभी तक सिर्फ जांच और नोटिस की बात ही कही जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि 5 करोड़ रुपये से अधिक भुगतान कर दिया गया है, इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा काम नहीं किया जा रहा।

### व्यवसायिक भूमि बेचने का प्रस्ताव भी खटाई में

नगर निगम के पास राशि का भी अभाव है। इसके लिए निगम झिझरी में 7900 व प्रेमनगर में 4500 वर्गमीटर अलग-अलग जगह पर व्यवसायिक भूमि बेचकर राशि जुटाना था, जिसका प्रस्ताव भी बना। इस पर काम नहीं हुआ।

**इस प्रकार है भवनों की कीमत**

इडब्ल्यूएस-2 लाख रुपये, एलआइजी-16.50 लाख रुपये
एमआइजी-25.25 लाख रुपये,व्यवसायिक-11 हजार स्क्वायर मीटर।

### इनका कहना है

कोविड के कारण योजना काफी प्रभावित हुई है। झिंझरी में ठेकेदार को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। बातचीत चल रही है। एक सप्ताह के अंदर निर्णय न होने पर ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। प्रेमनगर में काम चल रहा है। कुछ को पजेशन दे दिया गया है। काम में तेजी आए इसको लेकर नोडल अधिकारी को निर्देशित करेंगे।

*-सत्येंद्र कुमार धाकरे, आयुक्त, नगर निगम*

### झिंझरी में 1512 आवासों का होना है निर्माण

झिंझरी में 1512 आवासों का निर्माण होना है। यहां पर इडब्ल्यूएस के 792 जिसमें जी/पी+3, एलआइजी के 384 पी+6 व एमआइजी के 336 पी+6 फ्लैट बनने हैं। 113.05 करोड़ की टेंडर लागत व एग्रीमेंट लागत 117.46 करोड़ रुपये तय की गई है। 30 नवंबर 2017 से 18 माह में काम पूरा करना था। 30 मई को 19 मियाद पूरी हो गई थी लेकिन ठेकेदार ने काम समय पर नहीं किया और एमआइसी ने 29 मई 2020 तक के लिए वर्षाकाल छोड़कर 8 माह के लिए बढ़ा दी गई थी लेकिन एक साल से काम ही बंद है।

### प्रेमनगर में बनने हैं 2800 आवास

प्रेमनगर में 2800 पीएम आवास बनने हैं। यहां पर इडब्ल्यूएस के 1744 जिसमें जी/पी+3, एलआइजी के 1056 पी+6 बनने हैं। जिसकी टेंडर लागत 196.53 करोड़, एग्रीमेंट लागत 205.53 करोड़ है। 4 दिसंबर को 24 महीने के लिए मियाद थी। 3 दिसंबर 19 तक कार्य पूर्ण होना था। यहां पर एलआइजी की कीमत 16.30 लाख रुपये व व्यवसायिक भूमि की कीमत 10 हजार 500 रुपये स्क्वायरमीटर निर्धारित की गई थी। अभी तक यहां सिर्फ 112 को पजेशन मिला है व 132 आवास पूरे हो रहे हैं।

# हड़ताल अवैध घोषित होते ही काम पर लौटी नर्सें

### हाईकोर्ट ने दिया निर्देश : सरकार बनाए हाईलेवल कमेटी, एक महीने में मांगों का करे निराकरण



**कटनी।** माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नर्सों की हड़ताल को अवैध घोषित किए जाने और आज 9 जुलाई से काम पर वापस लौटने के निर्देश दिए जाने के बाद मप्र नर्सिंग एसोसिएशन ने हड़ताल समाप्त कर दी। हड़ताल समाप्त होने के बाद कटनी जिले में भी नर्सों ने अपनी मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल समाप्त कर दी और वापस काम पर लौट गईं। हाईकोर्ट ने हड़ताल अवैध घोषित करने के साथ ही राज्य सरकार को आदेश दिया है कि वह हाई लेवल कमेटी बनाकर नर्सों की मांग का एक महीने के अंदर निराकरण करें। गौरतलब है कि उच्च स्तरीय वेतनमान, पुरानी पेंशन लागू करने, कोरोना संक्रमण काल में शहीद नर्सों के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देने, वर्ष 2018 आदर्श भर्ती नियम में संशोधन करने एवं मेडिकल कॉलेजों में मेल नर्स की भर्ती करने सहित अन्य मांगों को लेकर मप्र नर्सेस एसोसिएशन के प्रांतव्यापी आव्हान पर पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी विगत 30 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही थी। हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा था और मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा था। हड़ताल को अवैध घोषित करने को लेकर नागरिक उपभोक्ता मंच ने एक जनहित याचिका माननीय हाईकोर्ट में दायर की थी। याचिका के माध्यम से सवाल उठाया गया था कि कोविड काल में नर्स और डॉक्टर सहित हेल्थ से जुड़े लोग हड़ताल नहीं कर सकते। राज्य सरकार ने भी 28 जून को हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बावजूद 30 जून से नर्सों की हड़ताल जारी है। 5 जुलाई को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक की डिवीजन बेंच ने मामले में सुनवाई की थी। कोर्ट ने 7 जुलाई को होने वाली सुनवाई में नर्सेस एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष रेखा परमार को पक्षकार बनाने का आदेश देते हुए उन्हें 7 जुलाई को सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया था। कल बुधवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नर्सेस एसोसिएशन की अध्यक्ष रेखा परमार का पक्ष सुना, इसके बाद आदेश दिया कि नर्सों की प्रदेशव्यापी हड़ताल अवैधानिक है। इसे तुरंत वापस लेते हुए काम पर लौटने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में सरकार से कहा कि वह एक हाईलेवल कमेटी बनाए और एक माह में नर्सों की मांग का उचित ढंग से निराकरण करे।



### इनका कहना है

हड़ताल समाप्त होने के बाद आज से नर्सिंग स्टाफ काम पर वापस आ गया है। माननीय हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को एक महीने में मांगों का निराकरण करने का निर्देश दिया है। एक महीने में यदि मांगों का निराकरण नहीं होता है तो इसके बाद नई रणनीति बनाई जाएगी।

*-रेश्मा बेगम अंसारी, जिलाध्यक्ष*
मप्र नर्सिंग एसोसिएशन





पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)